भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
नाभिकीय ईंधन सम्मिश्र (नाईस)

पोस्ट : ईसीआईएल
हैदराबाद-500 062

"सरकार इस प्रकार के कार्यबल के लिए प्रयत्नशील है जिसमें लैंगिक संतुलन बना रहे और इसलिए महिला अभ्यर्थियों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किए जाते है"

विज्ञापन सं. नाईस/01/2019

नाभिकीय ईंधन सम्मिश्र, हैदराबाद, जर्कोनियम परिसर (नाभिकीय ईंधन सम्मिश्र, हैदराबाद की एक इकाई), पलयकायल, तूतीकोरिन जिला, तमिलनाडु और नाभिकीय ईंधन सम्मिश्र, कोटा (एनएफसी, हैदराबाद की आने वाली ग्रीन फील्ड परियोजना), रावतभाटा, राजस्थान में निम्नलिखित पदों के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को, नियुक्ति होने पर, देश के विभिन्न भागों में स्थित नाभिकीय ईंधन सम्मिश्र की किसी भी इकाई और परमाणु ऊर्जा विभाग की किसी भी संघटक इकाइयों में तैनात किया जा सकता है । पदों का विवरण और इन पदों हेतु पात्रता मापदंड निम्नानुसार हैं :

पद कूटांक	**11901**	
पद का नाम	**वैज्ञानिक अधिकारी 'सी' (मेडिकल - जनरल ड्यूटी)**	
सेवा का वर्ग	ग्रुप-ए (राजपत्रित) - वैज्ञानिक	
रिक्तियों की संख्या	01 - (अनारक्षित)	
वेतन	रु.56,100/- (वेतन मैट्रिक्स के लेवेल 10 में सेल नं.1) + एनपीए (मूल वेतन का 20%) + केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों के लिए यथास्वीकार्य सामान्य भत्ते	
पात्रता		
राष्ट्रीयता	अनिवार्य रूप से भारत का एक नागरिक होना चाहिए	
आयु	आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि तक न्यूनतम 18 वर्ष पूरे हो जाने चाहिए और अधिकतम आयु 35 वर्ष से अधिक नहीं होने चाहिए।	
शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव	**शैक्षिक योग्यता**	**अपेक्षित अर्हता प्राप्त करने के बाद कुल वर्षों का संबंधित अनुभव**
	एम.बी.बी.एस.	01 वर्ष
	* अभ्यर्थी के पास मेडिकल काउंसिल से वैध पंजीकरण होना चाहिए। * एक वर्ष का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को यदि चयन समिति सिफारिश करती है तो भर्ती के समय एक अतिरिक्त वेतनवृद्धि दिए जाने पर विचार किया जाएगा। * संस्थागत अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी।	
नोट करें	• अनिवार्य इंटर्नशिप को अनुभव के तौर पर नहीं गिना जाएगा। • पदधारी को अनिवार्य रूप से एनएफसी/पऊवि की हाउसिंग कॉलोनी में रहना अपेक्षित है। • दिन-रात चलने वाली पालियों (पहली, दूसरी और रात्रि की पाली) में कार्य करने के लिए इच्छुक होना चाहिए।	

पद कूटांक	**11902**	
पद का नाम	**स्टेशन अधिकारी 'ए'**	
सेवा का वर्ग	ग्रुप-बी (राजपत्रित) - वैज्ञानिक	
रिक्तियों की संख्या	01- (अनारक्षित)	
वेतन	रु.47,600/- (वेतन मैट्रिक्स के लेवेल 08 में सेल नं.1) + केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों के लिए यथास्वीकार्य सामान्य भत्ते	
पात्रता		
राष्ट्रीयता	अनिवार्य रूप से भारत का एक नागरिक होना चाहिए	
आयु	आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि तक न्यूनतम 18 वर्ष की आयु पूरी हो जानी चाहिए और अधिकतम आयु 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। [उपरोक्त के अतिरिक्त, अग्निशमन के क्षेत्र में अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों के मामले में अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्षों की छूट दी जाएगी।]	
शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव	**शैक्षिक योग्यताएँ**	**कुल वर्षों का संबंधित अनुभव**
	क) एसएससी या समतुल्य + वैध भारी वाहन ड्राइविंग लाइसेंस + राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा कॉलेज या केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल अग्निशमन प्रशिक्षण केंद्र से स्टेशन अधिकारी पाठ्यक्रम का प्रमाणपत्र। **(या)** ख) अग्निशमन अभियांत्रिकी संस्थान, भारत/लंदन से स्नातक + वैध भारी वाहन ड्राइविंग लाइसेंस। **(या)**	सब-ऑफिसर के रूप में 05 वर्षों का अनुभव
	ग) फायर इंजीनियरिंग में बी.ई. + वैध भारी वाहन ड्राइविंग लाइसेंस।	0
नोट करें :	(i) उपरोक्त अनुभव में से, उपर्युक्त (क) या (ख) में यथावर्णित योग्यता के साथ आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को अपेक्षित अर्हकता प्राप्त करने के बाद संबंधित विषय में 03 वर्षों का अनुभव होना अनिवार्य है। (ii) अनुभव सुस्थापित अग्निशमन सेवा संगठन से प्राप्त किया हुआ होना चाहिए। (iii) अभ्यर्थियों को फायर इंजिन, फायर पम्प और अन्य अग्निशमन उपकरणों के प्रचालन एवं अनुरक्षण में दक्ष होना चाहिए। (iv) उपर्युक्त के अलावा, अभ्यर्थी शारीरिक प्रशिक्षण, स्क्वॉड ड्रिल, फायर फाइटिंग ड्रिल, फायर फाइटिंग/ट्रेलर पंप प्रचालन, ड्राइविंग परीक्षा, फायर टैंडर का प्रचालन और फोम टैंडर का उपयोग करते हुए फोम निकालने का कार्य करने में सक्षम होना चाहिए।	

<table>
<tr><td>पद कूटांक</td><td colspan="2">11903</td></tr>
<tr><td>पद का नाम</td><td colspan="2">सब - अधिकारी 'बी'</td></tr>
<tr><td>सेवा का वर्ग</td><td colspan="2">ग्रुप-बी (अराजपत्रित) - तकनीकी</td></tr>
<tr><td>रिक्तियों की संख्या</td><td colspan="2">04 - (अन्य पिछड़ा वर्ग-01, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग-01, अनारक्षित-02)</td></tr>
<tr><td>वेतन</td><td colspan="2">रु.35,400/- (वेतन मैट्रिक्स के लेवेल 06 में सेल नं.1) + केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों के लिए यथास्वीकार्य सामान्य भत्ते</td></tr>
<tr><td colspan="3">पात्रता</td></tr>
<tr><td>राष्ट्रीयता</td><td colspan="2">अनिवार्य रूप से भारत का एक नागरिक होना चाहिए</td></tr>
<tr><td>आयु</td><td colspan="2">आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि तक अनारक्षित एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों के संबंध में न्यूनतम 18 वर्ष की आयु पूरी हो जानी चाहिए और अधिकतम आयु 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के संबंध में न्यूनतम 18 वर्ष की आयु पूरी हो जानी चाहिए और अधिकतम आयु 43 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

[अग्निशमन के क्षेत्र में अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों के मामले में अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्षों की छूट दी जाएगी।]</td></tr>
<tr><td rowspan="2">शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव</td><td>शैक्षिक योग्यताएँ</td><td>अनुभव</td></tr>
<tr><td>एसएससी या समतुल्य + राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा कॉलेज या केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल अग्निशमन प्रशिक्षण केंद्र से सब-ऑफिसर का पाठ्यक्रम।

वैध भारी वाहन ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त व्यक्तियों को वरीयता दी जाएगी।</td><td>• 12 वर्षों का अनुभव जिसमें लीडिंग फायरमैन के रूप में कम-से-कम 05 वर्षों का अनुभव

या

• फायरमैन/ड्राइवर-कम-ऑपरेटर के रूप में 15 वर्षों का अनुभव

उपरोक्त अनुभव में से, अभ्यर्थियों को अपेक्षित अर्हता प्राप्त करने के बाद संबंधित क्षेत्र में 02 वर्षों का अनुभव होना चाहिए।</td></tr>
<tr><td>नोट करें :</td><td colspan="2">(i) मान्यता प्राप्त सिविल/औद्योगिक अग्निशमन सेवा केंद्र में फायरमैन/लीडिंग फायरमैन/ड्राइवर-कम-ऑपरेटर के रूप में अनुभव अनिवार्य है।
(ii) शारीरिक मूल्यांकन परीक्षा के अतिरिक्त, अभ्यर्थी को शारीरिक प्रशिक्षण, स्क्वॉड ड्रिल, अग्निशमन ड्रिल, फायर फाइटिंग/ट्रेलर पम्प प्रचालन करने आना चाहिए</td></tr>
</table>

पद कूटांक	11904
पद का नाम	**ड्राइवर-कम-पम्प ऑपरेटर-कम-फायरमैन (ए)**
सेवा का वर्ग	ग्रुप-सी
रिक्तियों की संख्या	11 - (अनुसूचित जाति-02, अन्य पिछड़ा वर्ग-01, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग-03, अनारक्षित-05)
वेतन	रु.21,700/- (वेतन मैट्रिक्स के लेवेल 03 में सेल नं.1) + केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों के लिए यथास्वीकार्य सामान्य भत्ते
पात्रता	
राष्ट्रीयता	अनिवार्य रूप से भारत का एक नागरिक होना चाहिए
आयु	आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि तक अनारक्षित एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों के संबंध में न्यूनतम 18 वर्ष की आयु पूरी हो जानी चाहिए और अधिकतम आयु 27 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के संबंध में न्यूनतम 18 वर्ष की आयु पूरी हो जानी चाहिए और अधिकतम आयु 30 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों के मामले में न्यूनतम 18 वर्ष की आयु पूरी हो जानी चाहिए और अधिकतम आयु 32 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। [अग्निशमन के क्षेत्र में अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों के मामले में अधिकतम आयु सीमा में अधिकतम 05 वर्षों की छूट दी जाएगी।]
शैक्षिक योग्यता	न्यूनतम 50% अंकों सहित एचएससी (10+2) (रसायन विज्ञान के साथ विज्ञान) या समतुल्य परीक्षा + भारी वाहन ड्राइविंग के वैध लाइसेंस के साथ वाहन चलाने का न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव + राज्य अग्निशमन प्रशिक्षण केंद्रों से अग्निशमन उपकरणों जैसे अग्निशामक पाठ्यक्रम में प्रमाणपत्र।

पद कोड 11901 के लिए चयन प्रक्रिया
इस विज्ञापन के प्रत्युत्तर में अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त होने की दशा में पात्र अभ्यर्थियों का स्क्रीनिंग टेस्ट आयोजित किया जाएगा ताकि साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों को छांटा जा सके। **अभ्यर्थियों का अंतिम चयन मात्र साक्षात्कार में अभ्यर्थियों के प्रदर्शन पर निर्भर होगा।**

पद कोड 11902 के लिए चयन प्रक्रिया
• जो आवेदक अपेक्षित आवश्यकताओं को पूरा करते हैं उन्हें निम्न तालिका-1 में दिए गए शारीरिक मानकों का मूल्यांकन करने के लिए बुलाया जाएगा। • जो शारीरिक मानकों को पूरा करते हैं उन्हें निम्न तालिका-2 में दिए गए मानदण्डों के अनुसार शारीरिक मूल्यांकन परीक्षा और **ड्राइविंग परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा।** • जो अभ्यर्थी, उपरोक्त परीक्षाओं में उत्तीर्ण होते हैं, उन्हें वैयक्तिक साक्षात्कार में उपस्थित होने की अनुमति दी जाएगी। • **अभ्यर्थियों का अंतिम चयन मात्र साक्षात्कार में अभ्यर्थियों के प्रदर्शन पर निर्भर होगा।**

पद कोड 11903 के लिए चयन प्रक्रिया

चरण-1 प्रारंभिक (स्क्रीनिंग) टेस्ट : जो आवेदक उपर्युक्त आवश्यकताओं को पूरा करते हैं उन्हें एक घंटे की अवधि की चरण-1 प्रारंभिक (स्क्रीनिंग) परीक्षा में बुलाया जाएगा जिसमें 50 बहुविकल्पीय प्रश्न (चार उत्तरों का विकल्प) (गणित-20 प्रश्न, विज्ञान-20 प्रश्न एवं सामान्य ज्ञान- 10 प्रश्न) होंगे।

नोट करें: (1) प्रत्येक सही उत्तर के लिए अभ्यर्थियों को 03 अंक दिए जाएंगे और प्रत्येक गलत उत्तर देने पर 01 अंक काट लिया जाएगा।

(2) यह टेस्ट एकल/बहु सत्रों में आयोजित किया जाएगा।

(3) अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित पदों के संबंध में, यदि अभ्यर्थी चरण-1 की परीक्षा में 30% से कम अंक प्राप्त करते हैं तो उन्हें स्क्रीन-आउट कर दिया जाएगा और अन्य अभ्यर्थियों को चरण-1 में 40% से कम अंक प्राप्त करने पर स्क्रीन-आउट कर दिया जाएगा।

चरण-2 प्रगत परीक्षा : चरण-I में स्क्रीन-इन किए गए अभ्यर्थियों को उनके संबंधित पदों के लिए प्रगत परीक्षा में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी।

- इस परीक्षा में 50 बहुविकल्पी (चार उत्तरों का विकल्प) प्रश्न होंगे। प्रत्येक सही उत्तर के लिए अभ्यर्थियों को 03 अंक दिए जाएंगे और प्रत्येक गलत उत्तर देने पर 01 अंक काट लिया जाएगा। परीक्षा की अवधि दो (02) घंटे की होगी।
- चरण-2 की परीक्षा के बाद चरण-2 में प्राप्त अंकों के आधार पर ही योग्यता-क्रम सूची तैयार की जाएगी।

पद कोड 11903 के लिए शारीरिक मानक परीक्षा के बाद शारीरिक मूल्यांकन परीक्षा

- चरण-2 के बाद तैयार की गई योग्यता-क्रम सूची के आधार पर अभ्यर्थियों को शारीरिक मानक परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा। उन्हें निम्न तालिका-1 में दिए गए मापदंडों के अनुसार शारीरिक मानक परीक्षा में भाग लेना अपेक्षित है। जो अभ्यर्थी शारीरिक मानकों को पूरा करते हैं उन्हें निम्न तालिका-2 में दिए गए मापदंडों के अनुसार शारीरिक मूल्यांकन परीक्षा से गुजरना होगा।
- **शारीरिक मूल्यांकन परीक्षा क्लियर करने वाले अभ्यर्थियों को अंतिम रूप से पैनलबद्ध करने पर विचार किया जाएगा। तथापि, अभ्यर्थियों का अंतिम चयन चरण– 2 प्रगत परीक्षा में मेरिट सूची के आधार किया जाएगा।**

पद कोड 11904 के लिए चयन प्रक्रिया

- वे आवेदक जो अपेक्षित आवश्यकताओं को पूरा करते हैं उन्हें निम्न तालिका-1 में दिए गए मापदंडों के अनुसार शारीरिक मानकों के मूल्यांकन के लिए बुलाया जाएगा।
- जो अभ्यर्थी शारीरिक मानकों को पूरा करते हैं उन्हें निम्न तालिका-2 में दिए गए मापदंडों के अनुसार शारीरिक मूल्यांकन परीक्षा के साथ ड्राइविंग टेस्ट के लिए बुलाया जाएगा।
- जो अभ्यर्थी शारीरिक मूल्यांकन परीक्षा उत्तीर्ण करते हैं उन्हें चरण-1 (**प्रारंभिक परीक्षा**) की परीक्षा के लिए अनुमति दी जाएगी। चरण-1 की प्रारंभिक परीक्षा की अवधि 01 घंटे की होगी जिसमें 50 बहुविकल्पीय प्रश्न (चार उत्तरों का विकल्प) (गणित-20 प्रश्न, विज्ञान-20 प्रश्न एवं सामान्य ज्ञान- 10 प्रश्न) होंगे।

नोट -1 : प्रत्येक सही उत्तर के लिए अभ्यर्थियों को 03 अंक दिए जाएंगे और प्रत्येक गलत उत्तर देने पर 01 अंक काट लिया जाएगा।

नोट -2 : परीक्षा एक/बहुसत्रीय हो सकती है।

नोट -3 : अनुसूचित जाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित पदों के संबंध में, यदि अभ्यर्थी चरण-1 की परीक्षा में यदि 30% से कम अंक प्राप्त करते हैं तो उन्हें स्क्रीन-आउट कर दिया जाएगा। इसी प्रकार, अन्य अभ्यर्थियों को चरण-1 में 40% से कम अंक प्राप्त करने पर स्क्रीन-आउट कर दिया जाएगा।

चरण-1 में स्क्रीन-इन किए गए सभी अभ्यर्थियों को उनके संबंधित पद के लिए 50 बहुविकल्पीय प्रश्नों (चार उत्तरों के विकल्प) की **चरण-2 प्रगत परीक्षा** में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी। प्रत्येक सही उत्तर के लिए अभ्यर्थियों को 03 अंक दिए जाएंगे और प्रत्येक गलत उत्तर देने पर 01 अंक काट लिया जाएगा। परीक्षा की अवधि दो (02) घंटे की होगी।
• चरण-2 की परीक्षा के बाद चरण-2 में प्राप्त अंकों के आधार पर ही योग्यता-क्रम सूची तैयार की जाएगी।

(तालिका-1)

अग्निशमन पदों के लिए शारीरिक मानक :

- किसी भी प्रकार की विकलांगता नहीं होनी चाहिए
- ऊंचाई : 165 से.मी. (न्यूनतम)
- वजन : 50 कि.ग्रा. (न्यूनतम)
- सीना : 81 से.मी. (सामान्य)
- सीना : न्यूनतम 86 से.मी. (फुलाने पर)
- दृष्टि : (क) 6/6, किसी भी प्रकार के चश्मे या अन्य सहायता के बिना
(ख) रतौंधी या वर्णान्धता अनहर्कता होगी

(तालिका-2)

शारीरिक मूल्यांकन परीक्षा के लिए मानदंड				
क्र.सं.	**घटनाओं का विवरण**	**अभ्यर्थियों की आयु (वर्षों में)**		
		40 तक	**40-45**	**45-50**
01.	100 मीटर की दौड़ पूरी करना।	25 सेकेंड में	28 सेकेंड में	30 सेकेंड में
02.	उपकरण से लंबाई के 4 होज जिनमें प्रत्येक 15 मीटर लंबा हो को बिछाने में सक्षम	3 मिनट में	4 मिनट में	5 मिनट में
03.	10 मीटर लंबी सीढ़ी पर दो बार ऊपर चढ़ना और दो बार उतरना।	2 मिनट में	3 मिनट में	4 मिनट में
04.	लगभग अपने स्वयं के वजन के बराबर व्यक्ति को फायरमैन की लिफ्ट विधि द्वारा 25 मीटर तक उठा कर ले जाना।	3 मिनट में	4 मिनट में	5 मिनट में
05.	लगातार पुशअप करने में सक्षम	20	15	12
06.	1.6 कि.मी. की दौड़ लगाना	10 मिनट में	12 मिनट में	14 मिनट में
07.	पाइप या रस्सी पर सीधी चढ़ाई	3 मीटर	लागू नहीं	लागू नहीं

<u>नोट :</u>

1. तालिका-2 के क्रम.सं. 1 में दी गई परीक्षा में अर्हक होना अनिवार्य है, यदि अभ्यर्थी इस परीक्षा में फेल हो जाता है तो उसे आगे की भर्ती प्रक्रिया के लिए अयोग्य मान लिया जाएगा।
2. तालिका-2 के क्रम.सं.2 से क्रम.सं.7 (सभी को समान वेटेज देते हुए) तक की परीक्षा में अर्हकता के लिए औसत प्रतिशत कुल मिलाकर 90% या इससे अधिक होनी चाहिए।
3. शारीरिक मूल्यांकन परीक्षा देने वाले अभ्यर्थी अपने स्वयं के जोखिम पर यह परीक्षा देंगे और उक्त शारीरिक मूल्यांकन परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की चोट आदि के लिए एनएफसी उत्तरदायी नहीं होगा।

आवेदन शुल्क :

क्रम सं.	पद का नाम	आवेदन शुल्क
01.	वैज्ञानिक अधिकारी 'सी' (मेडिकल-जनरल ड्यूटी)	रु. 500/-
02.	स्टेशन अधिकारी 'ए'	रु. 150/-
03.	सब- अधिकारी 'बी'	रु. 150/-
04.	ड्राइवर-कम-पंप ऑपरेटर-कम-फायरमैन 'ए'	रु. 100/-

उपरोक्त उल्लिखित आवेदन शुल्क का भुगतान "भुगतान एवं लेखा अधिकारी, एनएफसी" के पक्ष में हैदराबाद में आहरित डिमांड ड्राफ्ट के द्वारा किया जाना अपेक्षित है। तथापि, महिला अभ्यर्थियों, दिव्यांगजन (वैज्ञानिक अधिकारी 'सी' (मेडिकल-जनरल ड्यूटी)), अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी के अभ्यर्थियों और भूतपूर्व-सैनिकों को आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट प्राप्त है।

सामान्य अनुदेश

1. वैज्ञानिक अधिकारी 'सी' (मेडिकल-जनरल ड्यूटी) का पद OL/OA की श्रेणी में विकलांगों (दिव्यांग्जन) के लिए योग्य है। अन्य पद विकलांगों (दिव्यांग्जन) के लिए उपयुक्त नहीं हैं।

2. पदों पर नियुक्ति, विभाग द्वारा मेडिकल जाँच के अधीन होगी।

3. चयन एवं नियुक्ति होने पर, अभ्यर्थियों को स्थिति के अनुसार दिन-रात की पाली में काम करना पड़ सकता है।

4. केंद्र/राज्य सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, स्वायत्त निकायों के अधीन कार्यरत व्यक्तियों को साक्षात्कार/ चरण-2 प्रगत परीक्षा के लिए रिपोर्ट करते समय **"अनापत्ति प्रमाणपत्र"** प्रस्तुत करना होगा।

5. पद के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि तक अभ्यर्थी द्वारा मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/शैक्षणिक संस्थान से उक्त पद हेतु निर्धारित योग्यता और अपेक्षित अर्हता प्राप्त करने के बाद जरूरी न्यूनतम वर्षों का अनुभव रखना अनिवार्य है।

6. विभागीय अभ्यर्थी जिन्होंने आवेदन करने की अंतिम तिथि तक विभाग में इसी लाइन या सम्बद्ध काडर में न्यूनतम 03 वर्षों की निरंतर सेवा पूरी की है तो वे निम्नानुसार छूट प्राप्त करने के हकदार हैं :
   क. समान लाइन या संबंद्ध काडर के ग्रुप 'ए' / 'बी' के पदों पर नियुक्ति के लिए निर्धारित आयु सीमा में अधिकतम 5 वर्षो की छूट।
   ख. समान लाइन या संबंद्ध काडर के ग्रुप 'सी' के पदों पर सीधी भर्ती द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु 40 वर्ष (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए 45 वर्ष है)।

7. **भूतपूर्व सैनिक :**

   भूतपूर्व सैनिकों को अधिकतम आयु सीमा में नियमानुसार छूट दी जाएगी। भूतपूर्व सैनिक यानि वह व्यक्ति जिसने भारतीय संघ की थल सेना, नौसेना अथवा वायु सेना की नियमित सेवा में योधी अथवा गैर-योधी के रूप में किसी भी पद पर कार्य किया हो और

   i) जो ऐसी सेवा से अपनी पेंशन प्राप्त करने के बाद सेवानिवृत हुआ/हुई है। इसमें ऐसे व्यक्ति भी शामिल हैं जो अपनी पेंशन प्राप्त करने के बाद अपने स्वयं के अनुरोध पर सेवानिवृत हुए हैं/किए गए हैं; (या)

ii) जो ऐसी सेवा से सेना में सेवा योग्य न रहने/ऐसी परिस्थिति जो उनके नियंत्रण में न हो, के वश चिकित्सा आधार पर कार्यमुक्त किए गए हों; (या)

iii) वे ऐसी सेवा से उनके अपने अनुरोध के बिना ही स्थापना में स्टाफ कम करने की नीति के परिणामस्वरूप कार्यमुक्त किए गए हों; (या)

iv) वे ऐसी सेवा से उनके अपने अनुरोध के बिना ही विनियोजन की विशेष अवधि पूरी करने के उपरांत कार्यमुक्त किए गए हों अथवा कदाचार या अयोग्यता के कारण बर्खास्त या कार्यमुक्त किए गए हों और उन्हें ग्रेच्युटी दी गई हो। इसमें प्रादेशिक सेना की निम्नलिखित श्रेणियों के कार्मिक भी शामिल हैं यथा :

क) लगातार पूर्ण की गई सेवा के लिए पेंशनधारक; और

ख) वीरता पुरस्कार विजेता

जिन भूतपूर्व सैनिकों ने भूतपूर्व सैनिकों को पुनः रोजगार के अंतर्गत आरक्षण का लाभ लेते हुए सिविल साइड में केंद्र सरकार के अंतर्गत ग्रुप सी एवं डी पदों पर नियमित आधार पर रोजगार प्राप्त कर लिया है वे भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के अंतर्गत लाभ लेने के लिए **पात्र नहीं हैं।**

8. दिनांक 01 जनवरी, 1980 से 31 दिसंबर, 1989 तक की अवधि के दौरान आमतौर पर जम्मू एवं कश्मीर राज्य के कश्मीर संभाग के अधिवासी रहे सभी व्यक्ति, अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट पाने के हकदार होंगे बशर्ते छूट किसी परीक्षा में भाग लेने के लिए संबंधित नियमों के अंतर्गत अनुज्ञेय अधिकतम अवसरों की संख्या के अनुसार हो।

   आवास के प्रमाण के संबंध में प्रमाण-पत्र - कोई व्यक्ति जो आयु सीमा में छूट का लाभ उठाना चाहता है तो उसे निम्नलिखित प्राधिकारी से प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा :

   क) कश्मीर संभाग के जिला मजिस्ट्रेट जिसके अधिकार क्षेत्र में उसने साधारणतया निवास किया हो ; या

   ख) इस कार्य के लिए जम्मू एवं कश्मीर सरकार द्वारा पदस्थापित कोई अन्य प्राधिकारी जो यह प्रमाणित करें कि दिनांक 01 जनवरी, 1980 से 31 दिसंबर, 1989 तक की अवधि के दौरान उसने (अभ्यर्थी ने) जम्मू एवं कश्मीर राज्य के कश्मीर संभाग में साधारणतया निवास किया था।

9. ऐसे व्यक्ति के बच्चों/परिवार के सदस्यों को जिनकी वर्ष 1984 के दंगे में मृत्यु हुई थी, अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट देय होगी।

10. विज्ञापन में निर्धारित अनुभव की अवधि की गणना आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि अर्थात दिनांक 13.12.2019 तक की जाएगी।

11. चयनित अभ्यर्थियों की तैनाती नाभिकीय ईंधन सम्मिश्र, हैदराबाद / जर्कोनियम परिसर (पलयकालय), तमिलनाडु / एनएफसी, कोटा, राजस्थान में की जाएगी। तथापि, उन्हें भारत के किसी भी भाग में स्थित एनएफसी की किसी भी इकाई या परमाणु ऊर्जा विभाग की किसी भी संघटक इकाई में तैनात किया जा सकता है।

12. **आयु** : आयु की गणना इस विज्ञापन में उल्लिखित आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि दिनांक 13.12.2019 तक की जाएगी।

13. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थी अपने आवेदन में स्पष्ट रूप से उनकी श्रेणी का उल्लेख करें भले ही उन्होंने अनारक्षित पदों के लिए आवेदन किया हो। समुदाय की स्थिति के संबंध में बाद में दिए गए अभ्यावेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

14. आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थी को इसके साथ संलग्न निर्धारित प्रारूप के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया हुआ आय एवं संपत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया जाना चाहिए। आय एवं संपत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने की तिथि आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि अर्थात 13.12.2019 है।

15. ऐसे आवेदन जो आवश्यकताओं के अनुरूप नहीं हैं उन्हें किसी भी स्तर पर निरस्त कर दिया जाएगा। ऐसे किसी भी अभ्यर्थी से कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

16. अभ्यर्थी, अपेक्षित योग्यता के समर्थन में, सभी प्रमाणपत्रों और अंक विवरणिकाओं की स्वयं द्वारा साक्ष्यांकित प्रतियाँ, तथा उस संगठन से जहां अभ्यर्थी ने अपनी सेवाएं दी हैं उक्त संगठन द्वारा जारी अनुभव प्रमाणपत्र की स्वयं द्वारा साक्ष्यांकित प्रतियाँ संलग्न करें। उपर्युक्त प्रमाणपत्रों को मूल रूप में साक्षात्कार / चरण-2 (प्रगत परीक्षा) के समय सत्यापन के लिए प्रस्तुत करना होगा ।

17. अभ्यर्थियों से अपेक्षित है कि वे यह नोट कर लें कि भर्ती प्रक्रिया के लिए उनकी उम्मीदवारी उनके द्वारा आवेदन-पत्र में दी गई सूचना के आधार पर की जाएगी। अतः सभी अभ्यर्थियों को परामर्श दिया जाता है कि वे पद के लिए आवेदन देने के पहले यह सुनिश्चित कर लें कि वे पात्रता के सभी मानदंड पूरे करते हों। इसलिए, अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे आवेदन पत्र में सभी सही सूचनाएँ भरें और इस बात को समझें कि गलत सूचना देने पर उन्हें भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर अयोग्य घोषित किया जा सकता है।

18. नियुक्ति के बाद वे भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, व्यय विभाग की दिनांक 22.12.2003 की अधिसूचना सं. F.No.5/7/2003-ECB & PR द्वारा यथाअधिसूचित नई अंशदायी पेंशन योजना द्वारा शासित होंगे।

19. नाभिकीय ईंधन सम्मिश्र, के पास बिना कोई कारण बताए सभी पदों को भरने या उनकी संख्या में परिवर्तन करने या फिर भर्ती की सम्पूर्ण प्रक्रिया को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

20. **यात्रा भत्ता**

    चयन परीक्षा(स्क्रीनिंग टेस्ट)/साक्षात्कार के लिए बाहर से बुलाए गए अनुसूचित जाति /अनुसूचित जन जाति के बेरोजगार अभ्यर्थियों को नियमानुसार लघुतम मार्ग से उनके सामान्य निवास से परीक्षा केंद्र तक आने और वापस जाने की यात्रा के लिए रेलवे के द्वितीय श्रेणी के सिंगल किराए के खर्च की प्रतिपूर्ति की जाएगी बशर्ते वे इसके लिए उक्त निवास क्षेत्र के एमपी/एमएलए/राजपत्रित अधिकारी द्वारा जारी किया गया बेरोजगार प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करें। यदि रियायती टिकट उपलब्ध हैं तो वापसी यात्रा की प्रतिपूर्ति रियायती वापसी किराया के हिसाब से ही की जाएगी। अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि अपने दावे वेबसाइट में उपलब्ध निर्धारित प्रपत्र में भर कर (i) अ.जा./अ.ज.जा. के प्रमाण- पत्र की प्रतिलिपि (ii) टिकटों तथा (iii) बेरोजगार प्रमाण-पत्र के साथ प्रतिपूर्ति हेतु परीक्षा स्थल पर प्रस्तुत करें।

आवेदन कैसे करें

1. अभ्यर्थियों से अपेक्षित है कि वे **पद विशिष्ट आवेदन पत्र** www.nfc.gov.in वेबसाइट से डाउनलोड करें और नीली/काली स्याही वाले पेन से या टाइपराइटर से A4 आकार के कागज पर विवरण साफ अक्षरों से भर दें। विधिवत भरे हुए आवेदन एक लिफाफे में डालें और उस लिफाफे के ऊपर **"विज्ञापन सं.एनएफसी/01/2019 के अंतर्गत .... के पद कोड सं. .... के लिए आवेदन- पत्र" लिखें।**

2. आवेदन पत्र के दाहिने कोने के ऊपर **<u>हाल ही में ली हुई पासपोर्ट आकार की फोटोग्राफ</u>** चिपकाएँ और उस पर हस्ताक्षर करें।

3. अभ्यर्थियों से अपेक्षित है कि वे आवेदन के साथ निम्नलिखित **स्वसत्यापित** कागजात प्रस्तुत करें :

   (क) शैक्षणिक अर्हकता के संबंध में दसवीं कक्षा से आरंभ करते हुए सभी प्रमाणपत्रों की प्रतियाँ और उनकी समुचित अंक विवरणिका।

   (ख) अनुभव प्रमाण-पत्रों की प्रतियाँ।

   (ग) जन्मतिथि के समर्थन में प्रमाणपत्र की प्रति (जन्मतिथि प्रमाणपत्र या माध्यमिक स्कूल प्रमाणपत्र)।

   (घ) अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. समुदाय से जुड़े होने का यदि दावा किया गया है तो इस संबंध में सरकार द्वारा निर्धारित नवीनतम प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाणपत्र।

   (ङ) आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का अभ्यर्थी होने का यदि दावा किया गया है तो आय एवं संपत्ति प्रमाणपत्र की प्रति।

   (च) भूतपूर्व सैनिक सेवा के संबंध में सेवामुक्ति प्रमाण-पत्र की प्रति ।

   (छ) केंद्र/राज्य सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/स्वायत्तशासी निकायों में कार्यरत अभ्यथियों को उनके कार्यालय को सूचित करने संबंधी घोषणा पत्र प्रस्तुत करना होगा। तथापि, साक्षात्कार/चरण-2 (प्रगत परीक्षा) में उपस्थित होने के लिए ऐसे अभ्यर्थियों को उनके वर्तमान नियोजक द्वारा जारी किया गया **"<u>अनापत्ति प्रमाण-पत्र</u>"** प्रस्तुत करना होगा अन्यथा उन्हें आगे की भर्ती प्रक्रिया में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

   (ज) अभ्यर्थी के 1984 के दंगों से प्रभावित होने का प्रमाण (यदि आयु में छूट प्राप्त करनी हो तो)।

   (झ) दिनांक 01.01.1980 से 31.12.1989 तक की अवधि में कश्मीर संभाग का निवासी होने का प्रमाण (यदि कश्मीर संभाग के लिए आयु में छूट प्राप्त करना है तो)

   (ञ) आवेदन शुल्क के लिए डिमांड ड्राफ्ट (यदि लागू हो तो)

4. निर्धारित प्रोफार्मा में उपर्युक्त आवश्यक दस्तावेजों के साथ विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को लिफाफे में डालकर, लिफाफे के ऊपर **"विज्ञापन सं.एनएफसी/01/2019 के अंतर्गत .... के पद (पद कोड ....) के लिए आवेदन-पत्र"** लिखें और **सहायक कार्मिक अधिकारी, भर्ती-1, नाभिकीय ईंधन सम्मिश्र, ईसीआईएल डाक, हैदराबाद-500062 को भेज दें जो नवीनतम दिनांक 13.12.2019 तक प्राप्त हो जाए। इस तिथि के बाद प्राप्त हुए आवेदन पत्रों को स्वीकार नहीं किया जाएगा और आवेदन पत्र प्राप्त होने में डाक द्वारा हुई देरी के लिए नाभिकीय ईंधन सम्मिश्र जवाबदेह नहीं होगा।)**

5. **नोट करें :**

   (क) अस्पष्ट, अधूरे, बिना हस्ताक्षर वाले, निर्धारित प्रारूप में न होने पर, अभ्यर्थी का फोटो संलग्न न होने पर, प्रमाणपत्रों की साक्ष्यांकित प्रतियाँ संलग्न न होने पर और जो आवेदन करने की निर्धारित अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

   (ख) अभ्यर्थियों को परामर्श दिया जाता है कि वे अनुदेशों का कड़ाई से पालन करें।

   (ग) अभ्यर्थी द्वारा आवेदन-पत्र में भरे गए विवरण को आवेदन पर आगे की कार्रवाई के लिए लिया जाएगा। आवेदन पत्र में भरी गई गलत सूचना या अधूरी सूचना के लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा।

   (घ) आवेदन प्रपत्र प्रस्तुत करने के पहले अभ्यर्थी सावधानीपूर्वक यह सुनिश्चित कर ले कि उक्त पद के लिए वह पात्र है। आवेदन-पत्र का कोई भी संबंधित कॉलम खाली नहीं छोड़ा जाना चाहिए।

(ङ) केवल मानदंड पूरा कर लेने मात्र से अभ्यर्थी को साक्षात्कार/लिखित परीक्षा में बुलाए जाने का अधिकार नहीं होगा।

(च) चयनित सूची तैयार हो जाने की तिथि से 6 माह की अवधि के पश्चात् अचयनित अभ्यर्थियों का रिकार्ड संरक्षित नहीं रखा जाएगा।

विज्ञापन रोजगार समाचार पत्र में दिनांक 23.11.2019 को तथा राष्ट्रीय एवं स्थानीय समाचार पत्रों में दिनांक 24.11.2019 को प्रकाशित किया गया है।
आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि दिनांक 13.12.2019 को इस कार्यालय के बंद होने के समय 1645 बजे तक है। **इस तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।**
किसी भी रूप में पक्ष-प्रचार को अयोग्यता माना जाएगा।
इस अधिसूचना के कारण यदि कोई कानूनी विवाद उत्पन्न होता है तो उसका न्यायिक क्षेत्र केवल हैदराबाद होगा और किसी विवाद के मामले में वेबसाइट www.nfc.gov.in पर डाले गए विज्ञापन एवं अधिसूचना के अंग्रेजी पाठ को संदर्भ के रूप में लिया जाएगा।